
**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**

# कैप्टन सामंत साल 1970 में पा चुके है वीरता चक्र सम्मान

## बडगाम युद्ध के नायक कैप्टन सामंत ने सेना द्वारा याद किये जाने पर जताया आभार

**सम्मान**

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़। देश की आजादी के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर करने वालों में आज भी अपने अदम्य साहस से दुश्मनों के हौसले पस्त करने में बडगाम युद्ध के नायक लोहाघाट निवासी रिटायर कैप्टन करम सिंह सामंत का नाम सेना के जवान याद करते हुए उनके आवास पहुंचे। घर पहुंचकर बीते तीन नंवबर की सांय को उनके लोहाघाट स्थित चांदमारी पर जाकर उन्हे सम्मानित करना नही भूले।

बता दें कि कैप्टन करम सिह को उनकी देश सेवा के जज्बे के दौरान साल 1970 में वीर चक्र सम्मान से नवाजा जा चुका है। सामंत ने बडगाम युद्ध के दौरान अपने अदम्य साहस का परिचय देते हुए दुश्मनों को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था। उनके इस अदम्य साहस के चलते उन्हें देश सेवा के लिए वीर चक्र सम्मान से नवाजा गया।



जानकारी के मुताबिक सोलह कुमाउ द्वारा हर साल तीन नंवबर को उनके आवास पर जाकर सम्मानित करने का जिम्मा उठाया है। वही बीते मंगलवार को बटालियन के कर्नल विक्रम सदहोत्रा व नायब सूबेदार नंदन सिंह और नायक प्रकाश प्रसाद ने कैप्टन करम सिंह के आवास में जाकर उनका सम्मान किया।

वही सेना द्वारा मिले सम्मान पर रिटायर कैप्टन करम सिह सामंत ने सेना द्वारा उन्हें आज भी हर वर्ष की भांति याद किये जाने पर सेना का हार्दिक आभार जताया है। वही खासी खुशी भी जाहिर की है। उनके आवास पर मिलने पहुंचे बटालियन के कर्नल विक्रम सदहोत्रा व नायब सूबेदार ने बताया कि चार कुमाउ में तैनात रहे सतानब्बे साल के रिटायर वीर चक्र सम्मान से नवाजे जा चुके कैप्टन करम सिंह सामंत को उनके आवास पर जाकर सम्मान देने के दौरान कैप्टन साहब के हौसले आज भी खासा अदम्य साहस का परिचय देते हुए देखने को मिले। कैप्टन सामंत ने जवानों को देश की रक्षा करने के लिए आज भी हर वक्त तैयार रहने की प्रेरण दी। कैप्टन साहब के हौसले देखने लायक है।

## न्यूज डायरी

### डीएम ने अवस्थापना निधि से हुये सुदृढ़ीकरण कार्यों का निरीक्षण किया

**संवाददाता** अल्मोड़ा। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने रैमजे स्कूल में जिला विकास प्राधिकरण की अवस्थापना निधि से हुये सुदृढ़ीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। स्कूल में जिला विकास प्राधिकरण से हाल का सौदर्यीकण का कार्य किया गया है। जिस पर जिलाधिकारी ने संतोष जताया और कहा कि अन्य कार्य जो शेष रह गये हैं उन्हे भी शीघ्र किया जाएगा। प्रधानाचार्य के अनुरोध पर उन्होने हॉल के लिए साउण्ड सिस्टम जल्द से जल्द लगाने की स्वीकृत दी। उन्होने मुख्यमंत्री घोषणा के अर्न्तगत बनाये जा रहे विज्ञान विषय के कक्षा–कक्ष व प्रयोगशाला का निरीक्षण किया और कार्यदायी संस्था व ठेकेदार को शेष कार्यों को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिये।

### तीन शिक्षकों के कोरोना संक्रमित पाए जाने पर स्कूल अग्रिम आदेशों तक बंद कराए

**संवाददाता** श्रीनगर गढ़वाल। उत्तराखंड के श्रीनगर में विकासखंड खिर्सू के अंतर्गत सरकारी विद्यालयों के तीन शिक्षकों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि होने के बाद उक्त विद्यालयों को अग्रिम आदेशों तक बंद कर दिया गया है। कोरोना संक्रमण के मामले देख शिक्षा विभाग ने सभी सरकारी और गैर सरकारी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को कोविड–19 की गाइडलाइन का सख्ती से पालन करने के आदेश जारी कर दिए हैं। दूसरी ओर बुधवार को मेडिकल कॉलेज के एक फार्मासिस्ट और लिपिक सहित 26 लोग कोरोना पॉजिटिव निकले। शिक्षा विभाग के आदेश के अनुसार, स्कूल खुलने से पूर्व शिक्षकों ने कोरोना जांच के लिए 28 अक्तूबर को सैंपल लिए थे।

### मार्तोलिया ने किया राज्य सरकार के तीन कार्यालयों का औचक निरीक्षण

**संवाददाता** मुनस्यारी। जिला पंचायत सदस्य जगत मार्तोलिया ने आज राज्य सरकार के तीन कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। तीनो कार्यालयों में एक भी लिपिक उपस्थित नहीं मिला। कोई पिथौरागढ़ अटैच है तो कोई डीडीहाट। एक ने तो दिसम्बर से उपस्थिति पंजिका में हस्ताक्षर नहीं किए है। कुछ हस्ताक्षर करने के लिए ही यहां आते है। जिनकी शिकायत गुरुवार को जिलाधिकारी डा. विजय कुमार जौगदंडे से की जायेगी। जिपं सदस्य मार्तोलिया लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता कार्यालय पहुंचे। पता चला कि एई तो अवकाश में है, लेकिन कैम्प लिपिक डीडीहाट में बैठकर वही से इस ओफिस को चला रहे है। बाल विकास परियोजना के कार्यालय में गये तो पता चला कि 2018 से यहां तैनात लिपिक हरेन्द्र सिंह मेहरा पहले भी केवल हस्ताक्षर करने के लिए यहां आते थे।

## शाक्या गुरु थिमसेंग ने पुरोला में किया मंदिर भूमि पूजन



**संवाददाता** पुरोला। प्रखण्ड के अंगोड़ा गांव में बुद्धबार को 42 वें शाक्या गुरू थिमसेंग ने पारंपरिक रूप से मंदिर भूमि पूजन कर सैकड़ों भोटिया समाज के लोगों को प्रवचन कर मानव धर्म सेवा को श्रेष्ठ धर्म बताया व समारोह में आये सभी श्रद्धालुओं आशीर्वाद दिया। कोरोना महामारी व आचार संहिता का पालन करते हुए शाक्या केंद्र राजपुर रोड देहरादून से आये 42 वें शाक्या गुरू थिमसेंग की मौजूदगी में भोटिया समाज के लोगों ने अंगोड़ा गांव में पारंपरिक रीति रिवाजों के साथ मंदिर निर्माण हेतु भूमि पूजन किया। भूमि पूजन अवसर पर प्रवचन करते हुए धर्म गुरू ने भोटिया समाज से जाति,धर्म से ऊपर उठकर सबसे बड़े मानव धर्म का पालन करने की अपील की।

## आधी रात में टूयूब के सहारे भारत सीमा पर पहुंच रहे नेपाली नागरिक

**संवाददाता** पिथौरागढ़। लाकडाउन से अब तक भारत नेपाल सीमा पर पुलो के बंद होने से आधी रात में नेपाल से झूलाघाट पुल के नीचे बह रही काली नदी पर इन दिनों नेपाली नागरिक अपनी जान जोखिम में डालकर टूयूब के सहारे आवाजाही कर भारतीय सीमा पर प्रवेश करते हुए देखे जा रहे है।

बता दें कि जहां एक ओर भारत सरकार नेपाल सरकार से नेपाली पेंशनरों की आवाजाही व जरूरतों को देखते हुए पुल खोले जाने की मांग कर रही है। वही आलम यह है कि नेपाल सरकार अपने लोगों के लिए पुल खोले जाने को लेकर असमर्थ दिख रहा है।

बावजूद इसके दूसरी ओर भारत नेपाल सीमापर पुलों के बंद होने से नेपाली नागरिकों की देर रात्रि में काली नदी को टूयूब के सहारे आर पार करते और भारतीय सीमा में प्रवेश करते आसानी से देखे जा रहे है। बता दें कि वहां पर सशस्त्र सीमा बलों के जवानों व पुलिस चौकी के जवानों का हर वक्त पहरा रहता है।



नेपाली पेंशनरों की आवाजाही व जरूरतों को देखते हुए पुल खोले जाने की मांग

चौकसी के बावजूद भी नेपाली नागरिकों की आवाजाही पर कोई सख्त पहरा नजर नही आ रहा है।

## गांव के महिला समूहों को दी मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण

**संवाददाता**

पुरोला। ग्रामीण क्षेत्रों में महिला समुहों को स्वरोजगार से जोडने को लेकर राष्ट्रीय ग्रामीण व आजीविका मिशन के अंतर्गत उपासक एंव आरसेटी संस्था के माध्यम से विकास खंड सभागार में बुधवार को महिला समुहों का 10 दिवसीय मशरूम प्रशिक्षण शुरू हुआ।

प्रशिक्षण में उपासक के समन्वयक कमल नौटियाल ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने को लेकर उतराखंड सरकार ने गांव में महिला समूहों को मशरूम उत्पादन का महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है ताकि महिलाएं समूह वृहद रूप से मशरूम का उत्पादन कर नजदीकी बाजारों में बिक्रय कर रोजगार अर्जित कर सके। उन्होंने ने बताया कि प्रशिक्षण के उपरांत संस्था आजीविका समूहों को उतम प्रजाति के मशरूम बीज भी उपलब्धकरानें के साथ मशरूम उत्पादक विशेषज्ञ भी मार्केटिंग व उत्पादन बढाने की जानकारी देगें।



पुरोला प्रखंड में महिला 7 गांव महिला समूहों की 35 महिलाओं को प्रथम चरण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

प्रशिक्षण में खंड विकास अधिकारी टीएस रावत उपासक निदेशक आर0सेढी,प्रमोद कुमार, मनमैहन नौटियाल, जगत सिंह राणा, पल्लवी उनियाल आदि प्रशिक्षण में आई समूह महिलाएं मौजूद थी।

### तृतीय केदार भगवान तुंगनाथ के कपाट शीतकाल के लिए हुए बंद

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। तृतीय केदार भगवान तुंगनाथ के कपाट बुधवार को सुबह 11.30 बजे शीतकाल के लिए बंद हो गये हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। पूजा–अर्चना, विधि–विधान पूर्वक पहले बाबा तुंगनाथ के स्यंभूशिव लिंग की समाधि पूजा संपन्न हुई। तत्पश्चात कपाट बंद कर दिए गये। कपाट बंद होने के बाद बाबा की उत्सव डोली अपने प्रथम पड़ाव चोपता को रवाना हो गयी। 5 नवंबर को डोली भनकुंड, 6 नवंबर को शीतकालीन गद्दी स्थल मार्कण्डेय मंदिर मक्कूमठ में विराजमान हो जाएगी। इसी के साथ मक्कूमठ में तृतीय केदार तुंगनाथ की शीतकालीन पूजाएं शुरू हो जाएंगी। तुंगनाथ के कपाट बंद होने के अवसर पर मठाधिपति रामप्रसाद मैठाणी, पुजारी रविंद्र मैठाणी, सतीश मैठाणी, मंदिर प्रबंधक प्रकाश पुरोहित, सहायक प्रबंधक विक्रम रावत संदीप, जगमोहन आदि मौजूद रहे।